पद : अधिकारी (विधि) **पद कोड :** MII-LO-01

कुल पद : 01[एक]

कार्य अवधि : यह नियुक्ति 'सेवा के लिए अनुबंध' के तहत तीन (03) वर्ष की अवधि के लिए अथवा परियोजना के साथ सह-समाप्ति अथवा जो भी पहले हो, के आधार पर होगी। परियोजना की वर्तमान अवधि सितंबर 2026 तक है।

समेकित पारिश्रमिक: योग्यता और अनुभव के आधार पर प्रति माह एकमुश्त राशि 60,000/- रु. से 2,10,000/-रु. के बीच तय की जाएगी।

कार्य विवरण : अधिकारी (कानूनी) बाइरैक में कानूनी टीम के साथ निकट समन्वय में एमआईआई के लिए कार्य करेंगे और बाइरैक के लिए कानूनी परामर्श संबंधी सेवाएं प्रदान करने व कानूनी एवं संविदात्मक जोखिमों के प्रभावी प्रबंधन को सुनिश्चित करने हेतु उत्तरदाई होंगे।

रिपोर्टिंग : चयनित अधिकारी मिशन निदेशक - एमआईआई को रिपोर्ट करेंगे।

मुख्य उत्तरदायित्व:	पात्रता :
▪ **जोखिम की पहचान करना और प्रबंधन को संविदात्मक दायित्व एवं जोखिमों के संबंध में परामर्श प्रदान करना। कार्यालय प्रबंधन समूह को कानूनी सुरक्षा एवं जोखिम प्रबंधन संबंधी परामर्श प्रदान करना, विशेष रूप से अनुबंध प्रबंधन पर।** ▪ **कानूनी जांच प्रक्रिया का प्रबंधन करना और जांच रिपोर्टों की समीक्षा करना।** ▪ **आंतरिक नीतियों और प्रक्रियाओं के कानूनी निहितार्थों की समीक्षा करना और प्रबंधन को सलाह देना। जोखिम की पहचान करना और प्रबंधन को संविदात्मक दायित्व एवं जोखिमों के संबंध में परामर्श प्रदान करना।** ▪ **प्रत्येक कॉल के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत आवेदक संस्थाओं की कानूनी पात्रता की जांच करना।** ▪ **ड्राफ्ट अनुबंध, एमओयू, जीएलए, जीआईए और अन्य समझौतों का मसौदा तैयार करना और सुनिश्चित करना कि वे सभी वैधानिक या कानूनी आवश्यकताओं का अनुपालन करते हैं। बाइरैक मानदंड के अनुपालन में पूरी तरह से समीक्षा करने के बाद प्रत्येक निष्पादित अनुबंध/समझौता ज्ञापन/जीएलए और अन्य समझौतों पर विस्तृत कानूनी राय प्रदान करना।** ▪ **समझौता ज्ञापन, सहयोगात्मक अनुसंधान समझौते, साझेदारी समझौते, इनक्यूबेशन समझौते, सुविधा समझौते, गैर-प्रकटीकरण समझौते (एनडीए), बौद्धिक संपदा (आईपी) प्रोत्साहन समझौते, आईपी असाइनमेंट समझौते और अन्य समझौतों की जांच सहित सभी कानूनी सहायता प्रदान करना।** ▪ **जीएलए प्रारूपों का मसौदा तैयार करना, प्रस्तावित परिवर्तनों के अनुसार परियोजना प्रभाग के दिशानिर्देशों में संशोधन करना।** ▪ **एक वकील के रूप में अदालत में बाइरैक की ओर से वकालत करना।**	आईसीएसआई से एसीएस/एफसीएस/किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से एलएलबी के साथ विज्ञान में स्नातकोत्तर। **विशेष कार्य क्षेत्र का** अनुभव : अनुबंधों और अनुदान पत्र समझौतों के मसौदे, संविदात्मक दायित्वों, अनुबंधों और समझौतों के संबंध में विभिन्न कानूनी प्रावधानों का उत्कृष्ट ज्ञान। **वांछनीय: विज्ञान और कानून, विशेष रूप से बायोटेक्नोलॉजी, इनोवेशन,** IP, **रेगुलेटरी मामलों, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर या कमर्शियल कॉन्ट्रैक्ट्स में इंटरडिसिप्लिनरी विशेषज्ञता रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।** **अनुभव : यो**ग्यता पश्चात, किसी संगठन में कॉर्पोरेट मामलों, कानूनी अनुबंधों या बौद्धिक संपदा ट्रैकिंग को संभालने का न्यूनतम 02 वर्ष का अनुभव। **अधिकतम आयु :** आवेदन की अंतिम तिथि तक अधिकतम 30 वर्ष।